पाठ - 9

बुलबुल

पहचानो

Q1. इनमें से बुलबुल कौन है? उसके चित्र के ऊपर गोला लगाओ।

तुमने बुलबुल को कैसे पहचाना? मैंने बुलबुल को पहचाना
....
....

उत्तर : पहला चित्र बुलबुल का है। अतः उस पर गोला लगाओ। मैंने बुलबुल को उसकी पूँछ से पहचाना। वह आगे से लाल रंग थी तथा पूँछ का आखिरी सिरा सफ़ेद रंग का था। साथ ही उसके सिर को देखा, जो काले रंग का था। इन सब बातों से बुलबुल को पहचानना सरल हो गया ।

सिपाही बुलबुल

Q1. सिपाही बुलबुल के सिर पर काले रंग की कलगी होती है। ऐसे कुछ और पक्षियों के नाम सोचो जिनके सिर पर कलगी होती है। बताओ उनकी कलगी का रंग क्या होता है?

पक्षी	कलगी का रंग
....	....
....	....

उत्तर :

पक्षी	कलगी का रंग
मोर	गहरा नीला
हुदहुद	गहरी पीली और काली धारियाँ
मुर्गा	लाल

Q2. कलगी वाली बुलबुल को सिपाही बुलबुल क्यों कहते होंगे?

उत्तर : सिपाही बुलबुल की गर्दन तथा कान के नीचे लाल रंग के निशान पाए जाते हैं। इसे कवि कुर्बानी तथा बलिदान के प्रतीक स्वरूप लेते हैं इसलिए इन्हें सिपाही बुलबुल कहा जाता है।

Q3. पाठ में बुलबुल के बारे में बहुत-सी बातें बताई गई हैं। उनमें से कोई तीन बातें लिखो।

उत्तर : इसमें निम्नलिखित तीन बातें होती हैं-

(i) इसकी पूँछ का आखिरी भाग सफ़ेद रंग का होता है।

(ii) इसके पूँछ का भीतरी भाग लाल रंग का होता है।

(iii) इसका शरीर भूरा और सिर का रंग काला होता है।

बुलबुल और तुम

Q1. बुलबुल अपना घर घास और जड़ों से बनाती है। तुम्हारा घर किन चीज़ों से बना है? पता करो।

उत्तर : हमारा घर ईंट, बजरी, रोड़ी, सीमेंट, लोहे की मोटी-पतली सलाखों से बनता है।

Q2. बुलबुल क्या खाना पसंद करती है? तुम्हें क्या-क्या पसंद है?

उत्तर : बुलबुल खाने में कीड़े, फल आदि खाना पसंद करती है। मुझे गाजर, मटर, गाजर का हलुवा, गोभी के परांठे आदि खाना पसंद है।

Q3. बुलबुल ऊँची आवाज़ में बोलती है। तुमसे से कौन-कौन ऊँची आवाज़ में बोलता है? कब-कब?

नाम	कब-कब
....	....
....	....
....	....
....	....
....	....

उत्तर : स्वयं करे

हमें पहचानो

Q1. (i) मैं काली हूँ। मीठा गाना गाती हूँ। ....

(ii) मैं हरा हूँ। लाला मेरी चोंच है। हरी मिर्च खाता हूँ। ....

(iii) सूप जैसे कान हैं। मोटे-मोटे पाँव हैं, लंबे-लंबे दाँत हैं। ....

(iv) सिर पर ताज है। दुम पर पैसा है। बादल देखकर नाचता हूँ। ....

(v) घरों में आता हूँ। सारी चीज़ें कुतर जाता हूँ। ....

उत्तर : (i) मैं काली हूँ। मीठा गाना गाती हूँ। कोयल

(ii) मैं हरा हूँ। लाला मेरी चोंच है। हरी मिर्च खाता हूँ। तोता

(iii) सूप जैसे कान हैं। मोटे-मोटे पाँव हैं, लंबे-लंबे दाँत हैं। हाथी

(iv) सिर पर ताज है। दुम पर पैसा है। बादल देखकर नाचता हूँ। मोर

(v) घरों में आता हूँ। सारी चीज़ें कुतर जाता हूँ। चूहा

कविता लिखो

Q1. बुलबुल या किसी और पक्षी पर कविता लिखो। तुम अपनी सहेलियों या दोस्तों के साथ मिलकर भी कविता लिख सकते हो।

...
......

उत्तर : स्वयं करे

एक नाम

Q1. बुलबुल, तोता, चिड़िया, कबूतर पक्षी कहलाते हैं। नीचे लिखी चीज़ों को क्या कहते हैं? लिखो।

उत्तर :

	नाम
गोभी, आलू, भिंडी	....
संतरा, केला, सेब	....
गाय, हाथी, कुत्ता	....
मूँग, चना, अरहर	....